हिंदी
(201)
शिक्षक अंकित मूल्यांकन-पत्र

कुल अंक : 20

निर्देश : (i) सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके आगे दिए गए हैं।

(ii) उत्तर-पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर ऊपर की ओर अपना नाम, अनुक्रमांक, अध्ययन-केंद्र का नाम एवं विषय लिखिए।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 शब्दों में लिखिए :

1. आपने 'बहादुर' पाठ पढ़ा। इसे पढ़कर आपको भी अपने आस-पास घटी कोई ऐसी ही घटना अवश्य याद आई होगी। आज के समाज में 'बहादुर' जैसे लड़कों की स्थिति सुधारने के लिए समाधान सुझाइए। (2)
(पाठ-1 देखें)

अथवा

'आह्वान' कविता की रचना स्वाधीनता आंदोलन के दौरान की गई थी। कविता के आधार पर सिद्ध कीजिए कि कवि का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है। (पाठ-4 देखें)

2. 'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' कविता पढ़कर क्या आपको पृथ्वी के दुख के प्रति संवेदना जगी? पृथ्वी के दुख के निवारण के लिए आप क्या उपाय करेंगे? (2)
(पाठ-14 देखें)

अथवा

'अपना-पराया' पाठ पढ़कर आप स्वस्थ रहने के बारे में और अधिक सतर्क हो गए होंगे। अपने परिवार और पड़ोस के लोगों को इस बारे में जागरुक बनाने के लिए आप क्या करेंगे? (पाठ-16 देखें)

3. 'सुखी राजकुमार' पाठ में राजकुमार अथवा गौरेया में से कौन-सा चरित्र आपको अधिक प्रभावित करता है? तर्क सहित उत्तर दीजिए। (2)

अथवा

'दोहे' आपने पढ़े। अपने पसंद के एक दोहे का मूल भाव स्पष्ट करते हुए सोदाहरण विवेचना कीजिए कि आपने उससे किस प्रकार शिक्षा ग्रहण की। (पाठ-2 देखें)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 100-150 शब्दों में दीजिए :

4. 'आज़ादी' कविता का मूल संदेश आज के समाज में घट रही घटनाओं का उदाहरण देते हुए स्पष्ट कीजिए। (4)
(पाठ-7 देखें)

अथवा

'अंधेर नगरी' नाटक आज के समय में भी प्रासंगिक प्रतीत होता है। कथन के पक्ष अथवा विपक्ष में सोदाहरण तर्क दीजिए। (पाठ-15 देखें)

5. 'भारत की ये बहादुर बेटियाँ' स्त्री की अभूतपूर्व उपलब्धियों को व्यक्त करता हुआ फीचर है। पाठ में शामिल स्त्रियों के अतिरिक्त किन्हीं दो अन्य विशिष्ट स्त्रियों की उपलब्धियों की विवेचना कीजिए। (4)
(पाठ–6 देखें)

अथवा

आपने 'गिल्लू' पाठ पढ़ा। अपने अनुभव के आधार पर किसी पशु अथवा पक्षी के प्रति अपने अनुभव लिखिए। (पाठ–3 देखें)

परियोजना तैयार कीजिए :

6. एक सप्ताह तक हिंदी के दो समाचार पत्र पढ़िए। इन समाचार पत्रों के समाचारों को वर्गीकरण के अनुसार काटिए और संकलित कीजिए। (6)

अथवा

मुंशी प्रेमचंद की पाँच कहानियाँ पढ़िए। इन कहानियों का संक्षिप्त परिचय देते हुए अपनी सबसे पसंदीदा कहानी की समीक्षा कीजिए।